# नाबालिग ने की युवक की हत्या

## मामूली लेन-देन के विवाद में चाकू घोंपकर उतारा मौत के घाट, आरोपी हिरासत में

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** आपस में 1,100 रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि नाबालिग बालक ने युवक के पेट में चाकू से बार-बार वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया. घटना अजनी थाना क्षेत्र की है. मृतक का नाम श्रीकृष्णनगर निवासी योगेश अनिल काकड़े (28) बताया गया. पुलिस ने आरोपी नाबालिग बालक को हिरासत में ले लिया. योगेश और आरोपी एक दूसरे को पहले से पहचानते थे. अपने दोस्त द्वारा रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित महाप्रसाद खाने के बाद योगेश रात करीब 10.45 बजे वहीं पर एक पानठेले पर पहुंचा. इस दौरान वह शराब के नशे में धुत था और मोबाइल पर बात कर था कि आरोती संदेश (बदला हुआ नाम) ने मेरे 1,100 रुपये नहीं लौटाये.

थप्पड़ मारने पर बढ़ा विवाद

कुछ ही देर में संदेश बाइक पर वहां पहुंचा. यहां योगेश के साथ उसका लेन-देन को लेकर विवाद शुरू हो गया. योगेश ने कहा कि मेरे 1100 रुपये कहां हैं. संदेश ने कहा कि उसने पैसे लौटा दिये लेकिन इससे पहले वह कुछ समझ पाता, योगेश ने उसके 2-3 थप्पड़ जड़ दिये. इस पर संदेश ने कहा कि योगेश दादा, मुझे क्यों मार रहे हो. तुम्हारा मुझे मारने का हक नहीं बनता. इसके बाद भी योगेश नहीं रुका और हाथापाई करता रहा. गुस्से में आकर संदेश ने अपनी कमर में रखा चाकू निकाला और योगेश के पेट में वार करना शुरू कर दिया. योगेश जख्मी होकर गिर पड़ा. वहां मौजूद दोस्तों ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन इसके बाद संदेश ने योगेश को लातों से मारना शुरू कर दिया. योगेश के शरीर में कोई हलचल नहीं होती देख वह भाग गया. वहां मौजूद लड़कों ने ऑटो रिक्शा में योगेश को मेडिकल ले गये लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने पानठेले वाले की शिकायत पर मामला दर्ज कर नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया. जांच जारी थी

### बजरंग दल के पूर्व शाखा अध्यक्ष की बेरहमी से हत्या

# पुरानी रंजिश का खूनी अंत




**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले पुलिस मुख्यालय के पास गुरुवार देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब पुरानी रंजिश के चलते बजरंग दल के पूर्व शाखा अध्यक्ष हर्ष उर्फ गुड्डू पांडे (30)

की सरेआम हत्या कर दी गई. आरोपी बंटी उर्फ बुरहान शेख और उसके साथी फरार हैं. गुड्डू पेशे से वाहन चालक था. पहले बजरंग दल की अवस्थी नगर शाखा का अध्यक्ष रह चुका था. गुड्डू और बंटी के बीच लंबे समय से दुश्मनी चली आ रही थी. दोनों पक्षों के बीच मानकापुर थाने में एनसी केस भी दर्ज था, लेकिन समय रहते विवाद को गंभीरता से नहीं लिया गया.

**मां-भाई को धमकाने पर शुरू हुआ विवाद**

सूत्रों के अनुसार गुड्डू के भाई संदीप ने आरोपी के साथी राहुल वैरागड़े से 10,000 रुपये उधार लिए थे. 21 जनवरी को रुपये की मांग को लेकर विवाद हुआ था. अगले दिन गुड्डू अपने साथियों के साथ राहुल के घर पहुंचा, जहां कथित तौर पर राहुल की मां और भाई को चाकू दिखाकर धमकाया गया. इसी घटना से नाराज होकर बंटी बदला लेने की फिराक में था. गुरुवार रात बंटी और उसके साथियों को पता चला कि गुड्डू पुलिस मुख्यालय के आसपास है. इसके बाद बंटी और उसके साथी हथियारों से लैस होकर पुलिस मुख्यालय के पास पहुंचे और गुड्डू पर जानलेवा हमला कर दिया. इस दौरान गुड्डू के साथी मिलिंद और आदित्य मौके से भाग निकले, जबकि गंभीर रूप से घायल गुड्डू ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया.

**तत्काल गिरफ्तारी, कठोर कार्रवाई की मांग**

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिससे तनाव की स्थिति बन गई. शुक्रवार सुबह बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गिट्टीखदान थाने में विरोध प्रदर्शन कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की. संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि गुड्डू ने मुख्य आरोपी के पानठेले पर चल रही कथित अवैध गतिविधियों का विरोध किया था, जिसके चलते उसकी हत्या की गई. मृतक के परिवार में माता-पिता, पत्नी और एक भाई है. उसके पिता पूर्व सैनिक बताए जा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# 75 दिनों में 100 वनराई बांध, काटोल तहसील राज्य का पहला अभिनव मॉडल

**नागपुर, कार्यालय प्रतिनिधि.**

गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से निपटने और रबी फसल व फल बागानों को संरक्षित सिंचाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के अंतर्गत काटोल तहसील में 75 दिनों में 100 वनराई बांधों का निर्माण कर राज्य का पहला अभिनव उपक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया गया है.

तहसील की 82 ग्राम पंचायतों ने जनसहभागिता और श्रमदान के माध्यम से यह कार्य किया जिससे प्रत्येक बांध में औसतन 3 से 10 लाख लीटर जल संग्रहण की क्षमता विकसित हुई है. इस अभियान में लगभग 25,000 खाली सीमेंट की बोरियों का उपयोग किया गया. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार वर्षा के बाद नदियों और नालों से बह जाने वाले पानी को रोकने के लिए जल संधारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है. इसी कड़ी में नागपुर जिले में 75 दिनों में 550 से अधिक वनराई बांध बनाए गए हैं. काटोल तहसील में संतरा व अन्य बागानों के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा था जिससे जल स्तर लगातार गिर रहा था. वनराई बांधों की शृंखला से भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है.

इस अभियान में 3,000 से अधिक ग्रामीणों ने श्रमदान किया. अभियान की शुरुआत खापरी बारोकर गांव से हुई, जबकि 100वां वनराई बांध आदर्श गांव कोतवाल बर्डी में श्रमदान से पूर्ण किया गया. पंचायत समिति काटोल के गट विकास अधिकारी सचिन सूर्यवंशी के नेतृत्व में यह अभियान सुनियोजित ढंग से पूरा किया गया. कृषि अधिकारी अनिल आडेवार और उत्तम झेलगोंदे ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया. 100वें वनराई बांध का लोकार्पण जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनी और अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. कमलकिशोर फुटाणे की उपस्थिति में किया गया. सीईओ महामुनी ने इसे शाश्वत जलसंधारण का सरल और प्रभावी मॉडल बताते हुए अन्य क्षेत्रों के लिए अनुकरणीय बताया.

बॉक्स...

मुख्य विशेषताएं

75 दिन

82 ग्राम पंचायतें

100 वनराई बांध

3,000 से अधिक ग्रामीणों का श्रमदान

25,000 खाली बोरियों का उपयोग

प्रति बांध 3 से 10 लाख लीटर जल संग्रह क्षमता

# किराना मर्चेंट के यहां 43 लाख की चोरी, 15 लाख की नगदी, विदेशी करेंसी, नया दोपहिया वाहन ले गये चोर

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** कलमना थाना क्षेत्र में एक किराना मर्चेंट के यहां 15 लाख रुपये नगद, विदेशी करेंसी, सोने-चांदी के गहनों समेत नया दोपहिया वाहन समेत 43 लाख के माल की चोरी होने से हड़कम्प मच गया. इतनी बड़ी चोरी के बाद पुलिस के भी हाथ-पांव फूल गये और सरगर्मी से अज्ञात चोरों की तलाश शुरू हो गई. शिक्षक कॉलोनी, भारत नगर निवासी मोहम्मद इकबाल (50) इतवारी में किराना मर्चेंट का व्यवसाय करते हैं. उनके बेटे को दिमागी बीमारी होने से उसका आयुर्वेदिक इलाज ग्राम सेंधवा, इंदौर, मप्र में जारी है. 20 जनवरी को शाम करीब 4 बजे इकबाल, उनकी पत्नी, बड़ी बेटी और बेटा इलाज के लिए इंदौर रवाना हुए. इस दौरान उनकी छोटी बेटी घर पर थी.

**बिखरा हुए था अलमारियों का सामान**

घर में अकेली होने से उनकी बेटी रात 9 बजे भारत नगर में रहने वाली नानी के यहां चली गई. 21 जनवरी की सुबह घर जाकर देखने पर सब ठीक था. रात 9 बजे वह दोबारा नानी के यहां चली गई. 22 जनवरी को दोपहर करीब 1.1 5 बजे घर आने पर उसे कम्पाउंड का गेट खुला दिखा. मेन डोर का ताला और कुंडी भी टूटी थी. भीतर जाकर देखने पर सभी सामान बिखरा हुआ था. बेडरूम की सभी सातों अलमारियां खुली थीं और उसके अंदर का सामान बाहर बिखरा हुआ था. डर के मारे उसने अपने पड़ोसी और मामा को कॉल करके घटना की जानकारी दी और घर आने का कहा.

**सऊदी अरब के नोट भी चोरी**

पड़ोसियों और अन्य रिश्तेदारों के घर पहुंचने पर पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर आई पुलिस को पता चला कि अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे 15 लाख रुपये नगद, सऊदी अरब के नोट, महंगे मोबाइल, सोने के कीमती जेवर और कम्पाउंड के अंदर रखा नया दोपहिया वाहन भी चोरी कर लिया. इस प्रकार चोरों ने कुल 43 लाख रुपये के माल की चोरी की. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

## 1.51 करोड़ के मोबाइल चोरी, मालवाहक वाहन के ड्राइवर-क्लीनर की कारस्तानी

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** गुरुग्राम से नागपुर भेजे जा रहे 720 महंगे मोबाइल मालवाहक वाहन के ड्राइवर और क्लीनर ने चोरी कर लिये. इसके बाद ट्रक को कापसी में छोड़कर फरार हो गये. चोरी हुए मोबाइलों की कुल कीमत 1.51 करोड़ रुपये बताई गई. कलमना मार्केट निवासी अशफाक मुश्ताक खान ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि वे गुरुग्राम, हरियाणा स्थित स्पीड फाक्स कंपनी में सुपरवाइजर के तौर पर काम करते हैं. वाहन (आरजे32/जेडई-5986) में 720 मोबाइलों को गुड़गांव से नागपुर के लिए रवाना किया गया, लेकिन ड्रावइर नागपुर नहीं पहुंचा. ऐसे में कंपनी ने ट्रैकर की मदद से पता किया तो वाहन की लोकेशन कापसी के पास मिली. इसके बाद कंपनी के ही दूसरे ड्राइवर को कापसी जाकर स्थिति जानने को कहा. मौके पर पहुंचे कंपनी के ड्राइवर ने बताया कि यहां केवल वाहन खड़ा है. इसके अंदर रखे सभी 720 मोबाइल चोरी कर लिये गये हैं. इसके बाद पुलिस ने अशफाक की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी.

## फ्रिज के कंप्रेशर में ब्लास्ट, घर में लगी आग युवक की मौत

**कामठी, संवाददाता.** शहर के दाल ओली नं. 2 दर्जीपूरा के एक मकान में गुरूवार की मध्यरात्रि फ्रिज के कंप्रेशर में अचानक से ब्लास्ट होकर आग लग गई. आग ने तेजी से रौद्र रूप धारण कर लिया. जिससे परिसर में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना कामठी नप के दमकल विभाग को दी गई. जिसके बाद दमकल विभाग घटनास्थल पहुंचा तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया. इस हादसे में 28 वर्षीय यश डिकोंडवार की आग की चपेट में आने से मौत हो गई. जूनी कामठी पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी नुसार यश डिकोंडवार मनोरोगी था. वह अपनी मां के साथ दाल ओली नं. 2 दर्जीपूरा इलाके में रहता था. उसकी मां अपनी विवाहिता बेटी से मिलने के लिए गई हुई थी. गुरूवार की रात्रि वह घर में अकेला ही था. अचानक घर में रखी फ्रिज के कंप्रेशर में ब्लास्ट हो गया. जिससे घर में आग लग गई. आग ने तेजी से पूरे मकान को अपनी चपेट में लिया. टीन का मकान होने से तथा घर में भारी मात्रा में कपड़े होने से आग बेकाबू हो गई. कामठी नप दमकल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो वाहनों से लगभग 9 से 10 गाड़ी पानी लाकर 5 घंटे भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस आगजनी के दौरान यश डिकोंडवार घर में ही था. पुलिस ने यश को उपचारार्थ कामठी के शासकीय उपजिला अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया. बताया जाता है कि यश मानसिक रोगी था तथा वर्ष 2021 से उसकी दिमागी हालत ज्यादा बिगड़ गई थी. वह घर के आसपास खड़ी गाड़ियों पर तथा लोगों पर पत्थर मारने दौड़ता था. कभी-कभी अपनी मां को भी मारने लगा था. उसकी इन हरकतों से उसकी मां भी परेशान रहती थी. हाल ही में 4 महिने पहले उसके पिता ने भी आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली.

# क्रिकेट दिग्गजों को फिटनेस का मंत्र देंगे कान्हीवाड़ा के आशीष

**महाराष्ट्र टायकून्स ने बनाया कोच, सिवनी के लाल की बड़ी उपलब्धि**



**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में गौरवान्वित हुआ है। क्षेत्र के होनहार स्पोर्ट्स साइंटिस्ट आशीष बोर्कर को आगामी लीजेंड्स प्रो T20 लीग के लिए महाराष्ट्र टायकून्स टीम का स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच नियुक्त किया गया है। 25 फरवरी से गोवा में आयोजित होने वाली इस हाई-प्रोफाइल लीग में आशीष विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े नामों के फिटनेस और प्रदर्शन की कमान संभालेंगे।

आशीष बोर्कर इस लीग के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के उन धुरंधरों को प्रशिक्षण देंगे, जिनका लोहा पूरी दुनिया मानती है। उनके मार्गदर्शन में मुख्य रूप से क्रिस गेल (वेस्टइंडीज - यूनिवर्स बॉस) डेल स्टेन (दक्षिण अफ्रीका - दिग्गज तेज गेंदबाज) दिनेश कार्तिक (भारतीय फिनिशर) शॉन मार्श (ऑस्ट्रेलिया) स्टुअर्ट बिन्नी (भारत) अपनी फिटनेस सुधारेंगे।

सानिया मिर्जा के साथ काम का अनुभव

आशीष की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और उच्च शिक्षा का परिणाम है। वे स्पोर्ट्स साइंस में मास्टर डिग्री धारक हैं और एक प्रमाणित स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग स्पेशलिस्ट हैं। उनकी विशेषज्ञता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे पूर्व में टेनिस सनसनी सानिया मिर्जा जैसी एलीट एथलीट के साथ भी काम कर चुके हैं। वर्तमान में वे हैदराबाद स्थित Vx Performance Pvt. Ltd. में डायरेक्टर और हेड ऑफ परफॉर्मेंस के पद पर कार्यरत हैं।

एक छोटे से कस्बे कन्हीवाड़ा से निकलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मंच तक पहुँचना आशीष की एक असाधारण उपलब्धि है। खेल जगत के जानकारों का मानना है कि आशीष की यह नियुक्ति उच्च प्रदर्शन वाले खेलों के क्षेत्र में उनकी बढ़ती पहचान को प्रमाणित करती है। उनकी इस सफलता पर पूरे सिवनी जिले के खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सरस्वती स्कूल में विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम सम्पन



**नव भारत न्यूज**

**पांढुरना,23 जनवरी,** नगर के सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज वसंत पंचमी के अवसर पर पाटी पूजन (विद्यारंभ संस्कार) का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रानी दुबे (समाज सेविका),पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी ताई खुरसंगे, श्रीमती टेकरे मैडम (एस बी आई शाखा प्रबंधक), श्रीमती विजया ताई बोबडे,विद्यालय के व्यवस्थापक महोदय जगदीश बुधराजा, विद्यालय के प्राचार्य दिलीप जी राऊत, प्रधानाचार्य उल्हासजी राऊत, उपस्थित थे ।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ ।इस अवसर पर हवन पूजन का भी कार्यक्रम किया गया ।मुख्य अतिथि श्रीमती रानी दुबे ने अपने उद्बोधन में कहां कि हिंदू धर्म में हवन-पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार का विशेष महत्व होता है जो की सरस्वती शिशु मंदिर में हो रहा है,इससे बालक बुद्धिमान बनता है ।श्रीमती मीनाक्षी ताई ने कहा कि शिशु मंदिर में संस्कारवान वातावरण है यहां के बच्चे अत्यंत संस्कारवान और अनुशासित होते हैं। श्रीमती बोबडे ताईने कहा कि इस संस्कार द्वारा बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है ।

इस अवसर पर लगभग 70 नन्हे-मुन्हें बच्चों का पूजन के माध्यम से मंत्रोच्चार के साथ विद्यारंभ संस्कार किया गया। साथ ही महिलाओं का हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ ।

आज ही के दिन विद्यालय के दो भैया अर्पित डोंगरे और शिवम बालपांडे नीति आयोग एवं अटल सारथी टीम के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस की परेड में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु रवाना हुए।

## दिव्य शिक्षा आदर्श समिति गोपालगंज द्वारा मनाया गया नशा मुक्ति अभियान



Ł U – ग्रामोदय से अभ्युदय योजना के तहत ग्राम गोपालगंज में दिव्य शिक्षा आदर्श समिति द्वारा एक विशाल नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया ।यह रैली स्वामी विवेकानंद जी की 164 वी जन्मजयंती के अवसर 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश पखवाड़ा के तहत मनाया गया ।मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के मार्गदर्शन में किया गया। नवांकुर संस्था दिव्य शिक्षा आदर्श समिति द्वारा स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें नशा मुक्ति के नारे लगाते हुवे रैली ग्राम में भ्रमण किया,साथ ही नशा मुक्ति के बैनर एवं तख्ती के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाने का कार्य किया गया। रैली के उपरांत उपस्थित छात्रों एवं नागरिकों के साथ नशा न करने एवं घर एवं समाज में नशा न करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए एक शपथ दिलाई गई।आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच हरिशंकर साहू ने संबोधित करते हुवे कहा कि नशा से परिवार का नाश हो रहा है,अतः हमे ऐसे नसे से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौरसिया ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ हमे बच्चों को नैतिक शिक्षा देने की अत्यंत आवश्यकता है।

## सनातन के मूल की ओर जाए हिन्दू समाज : अभिलाषा बघेल

**सिवनी नवभारत।** नारायण धाम कोठीघाट में हिन्दु सम्मेलन सम्पन्न अनंत विभूषित काशी धर्मपीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के सानिध्य में संघ शताब्दी बर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिन्दु सम्मेलन में मातृशक्ति वक्ता श्रीमति अभिलाषा रामरंजन सिंह बघेल ने सनातन व हिन्दुत्व पर सारगर्भित वक्तव्य देकर समस्त हिन्दु समाज को अपनी धर्म परंपरा संस्कृति रहन सहन वेशभूषा अपनाकर समाज को सनातन के मूल की ओर जाने का आह्वान किया।



## ब्लॉक स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं का मोबाइल एकेडमी प्रशिक्षण शत-प्रतिशत पूर्ण

**ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर संतोष सिंगरहा सम्मानित**

**छपारा नवभारत।** ब्लॉक स्तर पर कार्यरत सभी आशा कार्यकर्ताओं को मोबाइल एकेडमी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत सफलता पूर्वक पूर्ण (उत्तीर्ण) कराने में सक्रिय सहयोग एवं प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करने पर छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर संतोष सिंगरहा को जिला कलेक्टर शीतला पटले द्वारा सम्मानित किया गया। विदित हो कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के उपरांत आयोजित



कार्यक्रम में कलेक्टर शीतला पटले,जिला पंचायत सीईओ अंजली शाह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जसपाल ठाकुर की उपस्थिति में उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यह सम्मान आशा कार्यकर्ताओं की क्षमता संवर्धन एवं डिजिटल प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक जमीनी स्तर तक पहुँचाने में उनके योगदान के लिए दिया गया।

इस उपलब्धि से ब्लॉक के स्वास्थ्य अमले में उत्साह का माहौल है तथा भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में सकारात्मक संदेश है। सम्मान प्राप्त होने के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा। इस अवसर पर छपारा बीएमओ डॉ.टी.एस. इनवाती, डॉ.निशांत वर्मा, नेत्र शाखा के आर. पी.पंचेश्वर सहित सुनील शर्मा,प्रतुल सोनी, रोहित भारद्वाज, दीपक तंतुवाय सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा के साथियों ने संतोष सिंगरहा को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आयोजन** — सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों का नृत्य,शैला नृत्य रस्साकसी जैसे विभिन्न आयोजन किए गए-

# नगर परिषद छपारा द्वारा आयोजित दो दिवसीय आनंद उत्सव संपन्न

**छपारा नवभारत।** नगर परिषद छपारा द्वारा आनंद उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत 22 और 23 जनवरी को दो दिवसीय आयोजन किए गए हैं जिसमें गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में शासकीय स्नातक महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं ने भाग लिया। वहीं शुक्रवार 23 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों का नृत्य,शैला नृत्य रस्साकसी जैसे विभिन्न आयोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार 14 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य आनंद उत्सव मनाया जाना जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्थानीय स्तर पर प्रचलित परंम्परागत खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन निकाय





स्तर पर किया जाना था, जिसमें सभी आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष एवं इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए है। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत नगर परिषद छपारा द्वारा बैनगंगा नदी तट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर गोल्डन टेंपल परिसर में 22 जनवरी को खेल-कूद में (कब्बड़ी, खो-खो, रस्साकसी, चम्मच दौड़, कुसी दौड़ आयोजित की गई वहीं शुक्रवार 23 जनवरी को दोपहर में लोक संगीत गायन-कीर्तन, सांस्कृतिक नृत्य एवं नाटक का आयोजन किया गया।

साथ ही शुक्रवार को वसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।

कार्यक्रम स्थल पर माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर ज्ञान, विद्या और कला की देवी की आराधना की गई। सरस्वती वंदना के पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें नगर के कलाकारों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

**सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य**

नगर परिषद के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आनंद उत्सव का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है।वसंत पंचमी जैसे पर्वों से हमारी सांस्कृतिक विरासत सुदृढ़ होती हैं शुक्रवार को संपन्न हुए इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीता बाल्मीकि, परिषद अध्यक्ष निशा पटेल, उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह सहित पार्षद गण नगर के गणमान्य नागरिक, परिषद कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# 25 से शुरू होगा सद्भाव वेटरन वर्ग ऑक्शन क्रिकेट लीग टूर्नामेंट

**सिवनी नवभारत।** सद्भाव ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित सद्भाव ऑक्शन वेटरन वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ आगामी 25 जनवरी से पालिटेक्निक कालेज मैदान किया जाएगा। इस टूर्नामेंट को लेकर शनिवार दोपहर 3 बजे पॉलिटेक्निक ग्राउंड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें सद्भाव समिति के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की रूपरेखा, नियमों एवं पुरस्कार राशि की विस्तृत जानकारी दी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि टूर्नामेंट में 13 टीमें भाग ले रहीं हैं जिन्हें अलग-अलग टीम आनरों/मालिकों ने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों को आक्सन टेबिल पर अपनी अपनी बोली लगाकर पाइंट के आधार पर खरीदकर टीमों को तैयार किया है। सभी टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है जहां



प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में लीग मैच खेलेगी। दोनों पूल से शीर्ष 2-2 टीमें अगले चरण में प्रवेश करेंगी। पूल की टॉप टीमें आपस में मुकाबला करेंगी। जहां विजेता टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम दूसरे स्थान की टीमों के बीच होने वाले मैच की विजेता से सेमीफाइनल खेलेगी। सेमीफाइनल की विजेता टीम दूसरी फाइनलिस्ट बनेगी। आयोजकों ने बताया कि सभी मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे। सभी टीमों को शाम 7=15 बजे तक मैदान में पहुंचकर अपनी प्लेइंग-11 की सूची समिति को सौंपना अनिवार्य होगा। टॉस 7=30 बजे कराया जाएगा और मैच तुरंत प्रारंभ होगा। यदि कोई टीम देर से पहुंचती है तो ओवरों में कटौती की जाएगी। नियमों के अनुसार, मैच के चौथे ओवर के समाप्त होने के बाद पांचवें ओवर के शुरू होने से पहले तक मैदान में पहुंचने वाले खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकेगा,